HINDUSTAN, LUCKNOW
Friday, 10 October 2014

एलपीएस ने मारी आईटी क्विज में बाजी

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को आयोजित टीसीएस आईटी क्विज 2014 के लखनऊ संस्करण में लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर आई के सचिन बंसल और अभिनव ने बाजी मारी। विजेता टीम मेगा फाइनल में यूपी और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेगा। ला मार्टीनियर ब्वायज के प्रखर राय और आदित्य जलान प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे।

प्रतिभागियों को एएल बनर्जी, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश , प्रो. श्रुति शडोलिकर कटकर , कुलपति , भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय , लखनऊ, और जयंत कृष्णा, रीजनल हेड, टीसीएस ने पुरस्कार वितरित किया। इनको आईपैड के साथ ट्राफी और पदक देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में यूपी और उत्तराखंड के विभिन्न विद्यालयों से 1200 छात्रों ने भाग लिया।

प्रतियागिता के प्रारम्भ होते ही क्विज मास्टर ने एक से बढ़कर एक प्रश्न पूछे जिसका बेबाकी के साथ फाइनल में प्रवेश पाए छात्रों ने उत्तर दिया। छात्रों ने यह साबित किया कि वे किसी से कम नहीं है और आने वाला समय उनका है। प्रतियोगिता में छात्र पूरी तैयारी के साथ आए थे। छात्रों के चेहरों पर आईटी क्षेत्र की गम्भीरता साफ झलक रही थी। यही कारण था कि शो के क्विज मास्टर ने भी माना कि छात्रों ने प्रतियोगिता के लिए जिस हिसाब से तैयारी की हुई है उसको देखकर यह कहा जा सकता है किं आने वाला समय भारत के युवाओं का होगा। यह युवा आगे चलकर जो कुछ चाहेंगे वो हासिल कर लेंगे। इस दौरान एक ट्विटर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे 85 सौ ट्वीट्स किए गए। दो शीर्ष विजेताओं को ब्लूटूथ स्पीकर देकर सम्मानित किया गया।

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित टीसीएस आईटी क्विज 2014 के विजेता

प्रतियोगिता

- दूसरे स्थान पर रहा ला मार्टीनियर ब्याज
- विजेता टीम फाइनल में करेगी यूपी और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व